# एआइ का इस्तेमाल कर स्टार्टअप को और स्मार्ट बनाएं

जासं ● लखनऊ: आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) का एल्गोरिदम हर क्षेत्र को प्रभावित करने लगा है। उत्पाद और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए इसके टूल्स का इस्तेमाल हो रहा है। एआइ टूल्स से स्टार्टअप को और भी स्मार्ट बनाया जा सकता है, लेकिन विद्यार्थी अभी एआइ टूल्स का इस्तेमाल कम कर रहे हैं। वह अपने आइडिया में एआइ तकनीकी को कैसे जोड़ें, इसके लिए शनिवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में एआइ समिट अवध कार्यशाला हुई। इनोवेशन हब और गूगल के टेंसर फ्लो यूजर ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने एआइ की उपयोगिता बताई।

प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 तक एआइ करीब 391 बिलियन डालर का बाजार होगा। सीनियर रिसर्च इंजीनियर अंकित पाल ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मौलिक जानकारी दी। हंटो के सह संस्थापक मधुरेंद्र सचान ने साइबर सुरक्षा में एआइ की उपयोगिता बताई। आइआइटी दिल्ली के रिसर्च एसोसिएट प्रशांत शुक्ला, अभिषेक साहू, ऋषभ गुप्ता ने बताया कि कोडिंग और डेटा में एआइ का इस्तेमाल तेजी से हो रहा है। इनोवेशन हब के एसोसिएट डीन डा. अनुज कुमार शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, मैनेजर वंदना शर्मा और रितेश सक्सेना ने भी एआइ तकनीकी के विषय में बताया।



एकेटीयू में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लेकर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञ और विद्यार्थी ● सौजन्य : एकेटीयू

## स्टार्टअप के लिए कुछ एआइ टूल्स

- **गूगल एआइ प्लेटफार्म:** यह टूल मशीन लर्निंग में मदद करता है।
- **टेंसरफ्लो यूजर ग्रुप:** एक ओपन सोर्स लाइब्रेरी जो मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के लिए उपयोग की जाती है।
- **आइबीएम वाटसन:** नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स करता है।
- **एचटूओ एआइ:** यह ओपन-सोर्स प्लेटफार्म जो डेटा साइंस और मशीन लर्निंग के लिए है।
- **डाटा रोबोट:** आटोमेटेड मशीन लर्निंग प्लेटफार्म मशीन लर्निंग माडल को जल्दी और आसानी से बनाने की अनुमति देता है।

## विद्यार्थियों के लिए एआइ टूल्स

- **गूगल कोलाब:** क्लाउड सेवा जो मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के लिए नोटबुक्स का उपयोग करने देती है।
- **फास्ट एआइ:** मशीन लर्निंग कोर्स और टूल्स को डीप लर्निंग में प्रवेश करने में मदद करता है।
- **ओपन सीवी:** ओपन सोर्स कंप्यूटर विजन और मशीन लर्निंग साफ्टवेयर लाइब्रेरी।